# ई संदेश

01 जनवरी, 2026 | अंक -186

## सात दिन सात पृष्ठ



## मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष-2026 की शुभकामनाएं दीं।

- नववर्ष 2026 प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में नई संभावनाओं और सशक्त अवसरों का सृजन करेगा : मुख्यमंत्री
- राज्य सरकार हर गरीब तथा जरूरतमंद को भीषण शीतलहर से बचाने के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री
- जीवन में सफलताओं के मार्ग स्वस्थ शरीर से ही सम्भव : मुख्यमंत्री
- रक्षा मंत्री तथा मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर, अयोध्या में मां अन्नपूर्णा मन्दिर के शिखर पर धर्म ध्वजा का आरोहण किया
- उत्तर प्रदेश दिवस का मुख्य आयोजन इस वर्ष लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर किया जाए : मुख्यमंत्री
- मां अन्नपूर्णा मंदिर, अयोध्या के शिखर पर धर्मध्वजा आरोहण की झलकियां

**नए भारत का नया उत्तर प्रदेश**



# नववर्ष 2026 प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में नई संभावनाओं और सशक्त अवसरों का सृजन करेगा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने ईसवी सन् 2026 के शुभारंभ के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री जी ने विश्वास व्यक्त किया कि नववर्ष 2026 प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में नई सम्भावनाओं और सशक्त अवसरों का सृजन करेगा। सकारात्मक सोच, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजग सहभागिता के साथ उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और लोककल्याण की अपनी यात्रा को और सुदृढ़ करेगा।उन्होंने नववर्ष पर प्रदेश की जनता के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की है।

अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बीता वर्ष उत्तर प्रदेश के लिए सुशासन, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, आधारभूत ढांचे के विस्तार, निवेश, रोजगार सृजन और जनकल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों का वर्ष रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में प्रदेश ने विकास की नई गति प्राप्त की है और योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित हुआ है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2026 में सरकार का संकल्प और अधिक स्पष्ट है। विकसित उत्तर प्रदेश/2047 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए, प्रदेश सरकार 'जीरोपॉवर्टी' के लक्ष्य को केन्द्र में रखकर, वर्ष 2026 को अंत्योदय, सामाजिक न्यायऔर सर्वसमावेशी लोककल्याण का सशक्त प्रतीक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की आर्थिक समृद्धि, युवाओं के लिए रोजगार एवं उद्यमिता, अन्नदाता किसानों की खुशहाली, महिलाओं की आत्मनिर्भरता सहित प्रत्येक नागरिक के सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करती रहेगी।

मुख्यमंत्री जी ने विश्वास व्यक्त किया कि नववर्ष 2026 प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में नई सम्भावनाओं और सशक्त अवसरों का सृजन करेगा। सकारात्मक सोच, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजग सहभागिता के साथ उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और लोककल्याण की अपनी यात्रा को और सुदृढ़ करेगा।





# राज्य सरकार हर गरीब तथा जरूरतमंद को भीषण शीतलहर से बचाने के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 28 दिसंबर, 2025 को गोरखपुर में ट्रांसपोर्ट नगर और धर्मशाला स्थित रैन बसेरों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने जरूरतमंदों में कम्बल व भोजन का वितरण कर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनकी सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर गरीब तथा जरूरतमंद को भीषण शीतलहर से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी को कोई भी दिक्कत न हो, इसके लिए डबल इंजन सरकार पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लोगों को भीषण शीतलहर से बचाने के लिए सभी जनपदों को कम्बल व ऊनी वस्त्र वितरण, रैन बसेरों के संचालन और अलाव की व्यवस्था करने के लिए पर्याप्त धनराशि जारी की गई है। भीषण शीतलहर के दृष्टिगत आवश्यकता पड़ने पर विद्यालयों को बन्द करने तथा अवकाश घोषित करने हेतु जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि आवश्यकतानुसार वर्चुअल माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रशासन को हर जरूरतमन्द को रैन बसेरों में अच्छी सुविधाएँ दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी रैन बसेरों में पर्याप्त संख्या में बिस्तर व कम्बल की व्यवस्था हो तथा साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जाए। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है, तो उसे भोजन भी उपलब्ध कराया जाए। वर्तमान समय में उत्तर भारत व पूरा उत्तर प्रदेश भीषण शीतलहर की चपेट में है। जरूरतमंदों, गरीबों और असहाय लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए डबल इंजन सरकार ने सभी जनपदों में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई है। प्रशासन और सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने जनपदों में कम्बल व ऊनी वस्त्रों का वितरण, सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था तथा रैन बसेरों का संचालन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने लोगों से अपील की कि जिनके पास साधन हैं, वे इस भीषण शीतलहर में अन्य जरूरतमंदों की सहायता करें। उन्होंने लोगों से प्रतिकूल मौसम में सतर्क और सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि लोग भीषण शीतलहर तथा धुंध और कोहरे को देखते हुए अनावश्यक यात्रा से बचें। यात्रा जरूरी हो, तो वाहन की गति सीमित रखें। भीषण ठण्ड में भी शरीर को पानी की कमी न होने दें। उन्होंने लोगों से यह भी अपील की कि सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलते रहने दिया जाए और अलाव की लकड़ी को उठाकर न ले जाएं। भीषण शीतलहर में यह अलाव जरूरतमंदों के लिए हैं और इससे पशुओं को भी राहत मिलती है।







# जीवन में सफलताओं के मार्ग स्वस्थ शरीर से ही सम्भव : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 29 दिसंबर, 2025 को गोरखपुर में वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में मा0 विधायक खेल प्रतिस्पर्धा-2025 के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोरखपुर की सभी संस्थाएं एक-एक खेल को गोद लें, उसमें कुछ सहयोग संस्थाओं का और कुछ सहयोग सरकार द्वारा किया जायेगा। इसमें अच्छे प्रशिक्षकों को रखा जाएगा, जिससे बच्चों को खेलकूद का एक अच्छा प्लेटफार्म मिलेगा। जब युवा खेलेगा, तभी देश खिलेगा।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने का रास्ता यही से प्रारंभ होगा। क्योंकि जीवन में सफलताओं के जितने भी मार्ग हैं, वह स्वस्थ शरीर से ही सम्भव हो सकते हैं। स्वस्थ शरीर खेलकूद और यौगिक क्रियाओं के माध्यम से ही प्राप्त होगा।उन्होंने कहा कि खेलकूद सम-विषम परिस्थितियों में हमें शारीरिक, मानसिक रूप से चुस्त, दुरुस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज खिलाड़ियों के उत्साह ने इस भीषण शीत लहर को कम कर दिया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह प्रतियोगिता अगली बार नगरीय क्षेत्र में दो स्तर पर आयोजित की जायेगी, जो स्कूल और वार्ड स्तर पर होगी। विद्यार्थीगण चाहें वह बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा तथा विश्वविद्यालय स्तर के हों, इनकी तीन प्रकार की प्रतियोगिताएं तीन चरणों में आयोजित की जाएंगी। इसमें बालक एवं बालिकाओं के वर्ग में अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं को सम्पन्न किया जाएगा। साथ ही, वॉर्ड स्तर पर लोगों और जो अवकाश प्राप्त कर चुके हैं, उनके लिए भी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। पहले वॉर्ड स्तर पर, उसके बाद चार से छः अलग-अलग छोटे-छोटे उप नगर बनाकर उस स्तर पर तथा महानगर स्तर पर इस पूरी प्रतियोगिता को आयोजित किया जायेगा। इन सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों और पुरस्कार प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को एक बड़े समारोह में सम्मानित किया जायेगा। इसी प्रकार गोरखपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किये जायेंगे। यह प्रतियोगिता आगामी जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जाएगी, जिसमें कला की विभिन्न प्रकार की विधाओं की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।


मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 13 जनवरी, 2026 को गोरखपुर महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम में जो प्रतिभागी विभिन्न विधाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करेंगे, वहां पर उनको सम्मानित किया जायेगा। विगत 11 वर्षों में खेल और खेलकूद की प्रतियोगिता में बहुत परिवर्तन हुआ है। कबड्डी, हॉकी, बैडमिण्टन तथा एथेलेटिक्स, इन सबके लिए पूरी दुनिया आपको देखती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ओलम्पिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ गेम्स, वर्ल्ड चैम्पियनशिप की कड़ी प्रतिस्पर्धाओं में हमारे खिलाड़ी और बेहतर प्रदर्शन का सकें, इसे ध्यान में रखकर सरकार ने तय किया है कि हर गांव में एक खेल का मैदान होगा, जिसके माध्यम से स्थानीय युवाओं की प्रतिभाओं को निखारा जायेगा। स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में भव्य स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। रीजनल स्टेडियम में 63 करोड़ रुपये की लागत से पक्के स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। गोरखपुर के बेलीपार में अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। यहां पर इण्टरनेशनल स्पोर्ट्स प्रतिस्पर्धाओं को आगे बढ़ाकर गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौजवानों को खेल और खेलकूद की प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकास खण्ड स्तर पर मिनी स्टेडियम तथा जनपद स्तर पर स्टेडियम का निर्माण सरकार द्वारा किया जा रहा है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द के नाम पर उत्तर मेरठ में प्रदेश के खेल विश्वविद्यालय का नया सत्र प्रारम्भ हो चुका है। वहां पर विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ खेल विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। हर कमिश्नरी स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज के निर्माण की भी तैयारी चल रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोरखपुर की सभी संस्थाएं एक-एक खेल को गोद लें, उसमें कुछ सहयोग संस्थाओं का और कुछ सहयोग सरकार द्वारा किया जायेगा। इसमें अच्छे प्रशिक्षकों को रखा जाएगा, जिससे बच्चों को खेलकूद का एक अच्छा प्लेटफॉर्म मिलेगा। जब युवा खेलेगा, तभी देश खिलेगा। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने का रास्ता यही से प्रारम्भ होगा। क्योंकि जीवन में सफलताओं के जितने भी मार्ग हैं, वह स्वस्थ शरीर से ही सम्भव हो सकते हैं। स्वस्थ शरीर खेलकूद और यौगिक क्रियाओं के माध्यम से ही प्राप्त होगा।





# रक्षा मंत्री तथा मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर, अयोध्या में मां अन्नपूर्णा मन्दिर के शिखर पर धर्म ध्वजा का आरोहण किया

देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 31 दिसंबर, 2025 को श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या में श्री रामलला के विराजमान होने के द्वितीय वार्षिकोत्सव-प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह में सम्मिलित होकर मां अन्नपूर्णा मन्दिर के शिखर पर धर्म ध्वजा का आरोहण किया।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में अयोध्या अभूतपूर्व प्रगति की साक्षी बन रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच के अनुरूप आस्था, संस्कृति तथा इतिहास को संजोते हुए यहां विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना का निर्माण हो रहा है। प्रभु श्रीराम मन्दिर निर्माण के पश्चात करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन ने अयोध्या को वैश्विक धार्मिक पर्यटन का केन्द्र बना दिया है। सड़क, आवास, हरित क्षेत्र, हाई-वे तथा रेलवे के विकास से आधुनिक, सुरक्षित व समृद्ध शहर के रूप में हम सबके समक्ष है। यह विकास सम्पूर्ण भारत के गौरव का प्रतीक है। इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री जी विशेष बधाई के पात्र हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि आज इस देश में जो कुछ हो रहा है तथा आने वाले वर्षों में जो कुछ होगा, वह भविष्य के हजार वर्षों की नींव रखेगा। यह मंदिर आगामी हजारों वर्षों तक प्रभु श्रीराम के चरित्र का गुणगान विश्व के सम्मुख करता रहेगा। हम अपनी अनेक पीढ़ियों में अत्यन्त सौभाग्यशाली है, क्योंकि यह दृश्य हम अपनी आंखों से प्रत्यक्ष देख रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश आगमन पर रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी का स्वागत करते हुए कहा कि रक्षा मंत्री जी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए भी श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन में प्रत्यक्ष भूमिका का निर्वहन किया है। 500 वर्षों के पश्चात श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के भव्य स्वरूप तथा उसमें प्रभु श्रीरामलला के विराजमान होने पर वह अत्यन्त अभिभूत हैं।

**अयोध्या का विकास सम्पूर्ण भारत के गौरव का प्रतीक : रक्षा मंत्री**

**अयोध्या का विकास सम्पूर्ण सोलर सिटी के रूप में हम सभी के सामने : मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश-दुनिया में निवास करने वाला प्रत्येक सनातन धर्मावलम्बी अयोध्या में प्रभु श्रीराम का दर्शन कर अभिभूत हो जाता है। विगत पांच वर्षों में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम में आए। पहले यहां केवल लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते थे। विगत 11 वर्षों में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अयोध्या निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी के रूप में हम सभी के सामने है। यहां अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट महर्षि वाल्मीकि के नाम पर संचालित है। अयोध्या धाम रेलवे की डबल लाइन के साथ जुड़ चुका है। लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, काशी सहित अन्य शहरों से अयोध्या की बेहतरीन कनेक्टिविटी है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में पहले सिंगल लेन की सड़कें थीं, आज चारों ओर से फोर-लेन सड़कें बन चुकी हैं। श्रद्धालु किसी भी सीजन में बड़े आराम से अयोध्या आकर प्रभु श्रीराम का दर्शन करते हैं। अयोध्या की दिव्यता और भव्यता को बनाये रखने के लिए प्रत्येक सनातन धर्मावलम्बी को आगे बढ़ना पड़ेगा। यह यात्रा का विराम नहीं, बल्कि नई यात्रा की शुरूआत है। अब भारत सरकार की 'वी0बी0-जी राम जी' योजना देश की सबसे बड़ी रोजगार योजना बनने जा रही है। इसके माध्यम से रोजगार इच्छुक व्यक्तियों को उनकी ग्राम पंचायत में ही वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की गारण्टी प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अयोध्या में घटित तीन महत्वपूर्ण घटनाओं को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री जी ने 05 अगस्त, 2020 को स्वयं अयोध्या धाम में पधारकर अपने कर-कमलों से 500 वर्षों की प्रतीक्षा को समाप्त करते हुए प्रभु श्री राम जन्मभूमि में भूमि-पूजन का कार्य सम्पन्न किया। हिन्दू पंचांग के अनुसार, पौष शुक्ल द्वादशी की पवित्र तिथि 22 जनवरी, 2024 को श्रीरामलला की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की। 25 नवम्बर, 2025 को विवाह पंचमी के अवसर पर प्रधानमंत्री जी ने अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर के मुख्य शिखर पर सनातन धर्म की ध्वजा का आरोहण किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश व प्रदेश विरासत पर गौरव की अनुभूति करते हुए विकास के नये प्रतिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री जी ने हम सभी को विकसित भारत /2047 की संकल्पना दी है। प्रत्येक भारतवासी को अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्टतम कार्य करते हुए विरासत का संरक्षण करना होगा। अपने देश और सनातन धर्म की ध्वजा पताका ऊपर उठाने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास के साथ आगे बढ़ना पड़ेगा। यही प्रयास भारत को दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में स्थापित करेगा।



# उत्तर प्रदेश दिवस का मुख्य आयोजन इस वर्ष लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर किया जाए : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 01 जनवरी, 2026 को यहाँ लखनऊ में उत्तर प्रदेश दिवस (24 से 26 जनवरी, 2026) के आयोजन की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश दिवस का मुख्य आयोजन इस वर्ष लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर किया जाए। जनपद गौतमबुद्धनगर स्थित नोएडा शिल्पग्राम सहित इसका आयोजन सभी जनपदों, देश के अन्य राज्यों व उन देशों में भी भव्य रूप से किया जाए, जहाँ बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के निवासी रहते हैं। साथ ही, इन आयोजनों में सरदार वल्लभभाई पटेल, पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी, धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा, वन्दे मातरम् तथा आनन्द मठ से जुड़ी नाट्य प्रस्तुतियों समेत अन्य कार्यक्रम किए जाएँ।मुख्यमंत्री जी ने 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस, 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस/मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह को भव्यता से मनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश दिवस के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि इस अवसर पर विकास खण्ड, वॉर्ड व जनपद स्तर पर गायन, वादन, नृत्य तथा नाट्य प्रतियोगिताएँ आयोजित करायी जाएँ। इनमें प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को मण्डल स्तर पर प्रस्तुति का मौका दिया जाए। मण्डल स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट कलाकारों को लखनऊ में होने वाले मुख्य समारोह में प्रस्तुति का अवसर दें और उन्हें पुरस्कृत भी किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान, ओ0डी0ओ0पी0, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, माटी कला बोर्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, चिकित्सकों, प्रगतिशील किसानों व वैज्ञानिकों को सम्मानित किया जाए। जनपदों में होने वाले कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों, कवियों आदि को अवसर दिया जाए। इन प्रतिभाओं को मंच देने से वह प्रोत्साहित होंगे। हर जनपद में मंत्रिगण, निगम/बोर्ड के चेयरमैन, जनप्रतिनिधियों आदि को आमंत्रित किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी विभागों के समन्वय के साथ ही, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, संगीत नाटक अकादमी, ललित कला अकादमी जैसे संस्थानों को उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन से जोड़ा जाए। इससे यह आयोजन बहुत भव्य और रोचक होगा। उन्होंने कलाकारों द्वारा पुराने वाद्ययंत्रों के प्रयोग पर भी जोर दिया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि दिल्ली, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के प्रवासी नागरिक रहते हैं। इन राज्यों में भी उत्तर प्रदेश दिवस पर भव्य आयोजन कराया जाए। इसमें वहाँ के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री व उत्तर प्रदेश से जुड़े लोगों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए। अन्य राज्यों में रहने वाले उत्तर प्रदेश के जिन लोगों ने उद्यमिता, व्यापार, इनोवेशन, शिक्षा, कला, विज्ञान, प्रशासन सहित अन्य क्षेत्रों में अच्छा कार्य किया है, ऐसे तीन से पाँच लोगों को सम्मानित भी किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ओ0डी0ओ0पी0 उत्तर प्रदेश की पहचान है। उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन पर प्रदेश के सभी जी0आई0 टैग उत्पादों तथा 'एक जनपद, एक उत्पाद' की शो-केसिंग भी की जाए। साथ ही, विभागों की उपलब्धियों व योजनाओं की जानकारी भी प्रदर्शित की जाए। इस बार 'एक जिला, एक कुजीन' पर भी फोकस किया जाए।

# मां अन्नपूर्णा मंदिर, अयोध्या के शिखर पर धर्मध्वजा आरोहण की झलकियां














मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 01 जनवरी 2026 को लखनऊ में "अयोध्या कैलेंडर" का अनावरण किया।
कैलेंडर की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या विश्व पटल पर भारत की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र है। यह कैलेंडर अयोध्या की आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक वैभव और ऐतिहासिक महत्ता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता हैं।